हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 24 अगस्त 2025



उपभोक्ता घर बैठे जागृति पोर्टल से दर्ज कर सकते... 13





रिश्वत लेते पटवारी का वीडियो हुआ वायरल... 13







## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.










### खबर संक्षेप

## उपमुख्यमंत्री साव 25 को हाटकोंदल प्रवास पर



**दुर्गूकोंदल।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव 25 अगस्त को हाटकोंदल प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान हाटकोंदल में नवनिर्मित हायर सेकंडरी स्कूल भवन का लोकार्पण एवं पीएमटी छात्रावास भवन दुर्गूकोंदल की निर्माण के लिए भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, सीईओ सुरेंद्र बंजारे, पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ हाटकोंदल पहुंचकर तैयारी में जुटे हुए हैं। उपमुख्यमंत्री के प्रवास को लेकर कार्यक्रम व्यवस्थित हो, इसके लिए भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेंशनधारी कल्याण संघ ही हुई बैठक

**भानुप्रतापपुर।** पेंशनधारी कल्याण संघ का बैठक 23 अगस्त को हुई, जिसमें संभागीय अध्यक्ष जीएस पाण्डेय भानुप्रतापपुर में जिला के पेंशनधारी कल्याण संघ कार्यकारिणी सदस्यों से भेंट किया। उक्त बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। सौजन्य भेंट के दौरान प्रांतीय प्रवक्ता जी साही, प्रचार सचिव अनंत महतो, उपाध्यक्ष डीपी पाण्डेय, दिलदार सिंह ठाकुर, बसंत शर्मा तथा रतन राम यादव उपस्थित रहें।

### पर्व : घर-घर में ठेठरी-खुर्मी का सहित विविध व्यंजनों का देवता को चढ़ाया भोग

# पोला पर्व पर छलका उत्साह, गांव-गांव में बैलों को रंग-बिरंगे कपड़े, घंटी एवं झालर से सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पूजा-अर्चना के बाद बैलों को गांव की गलियों और चौपालों में परंपरागत ढंग से घुमाया गया

जिले में शनिवार को किसानों का पारंपरिक त्यौहार पोला पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। भादो अमावस्या को मनाया जाने वाला यह पर्व बैलों के सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक माना जाता है। सुबह से ही गांव-गांव में लोग बैलों को स्नान कराकर, उन्हें रंग-बिरंगे कपड़ों, घंटियों, झांझरों और फूलों से सजाने में जुटे दिखाई दिए। पूजा-अर्चना के बाद बैलों को गांव की गलियों और चौपालों में परंपरागत ढंग से घुमाया गया। जिले के दुर्गूकोंदल, चारामा, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर ब्लॉक में पर्व की रौनक विशेष रूप से देखने को मिली। ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह सामूहिक आयोजन हुए। इस अवसर पर बच्चों के बीच मिट्टी और लकड़ी से बने नंदिया बैल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।





फाइल फोटो

बच्चे इन खिलौना बैलों को रस्सी से बांधकर हल चलाने और खेत जोतने की नकल करते नजर आए। महिलाओं ने घर-आंगन को सजाकर पारंपरिक व्यंजन तैयार किए। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर गांवों में उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने बैलों की शोभायात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसने पर्व की रौनक को और बढ़ा दिया। स्थानीय बुजुर्गों ने बताया कि पोला पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि किसानों और बैलों के बीच परस्पर संबंध और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। खेती-किसानी की परंपरा को जीवित रखने के साथ यह पर्व ग्रामीण जीवन में एकजुटता और सांस्कृतिक धरोहर को भी सहेजता है। पोला पर्व किसानों के परिश्रम और बैलों के योगदान को सम्मान देने का पर्व है, जो हमारी कृषि प्रधान संस्कृति की पहचान है। कांकेर जिले में धूमधाम से मनाया गया यह पर्व एक बार फिर परंपरा और आस्था का अद्भुत संगम बनकर सामने आया और ग्रामीण अंचलों में उल्लास एवं उमंग का वातावरण बना रहा।

# सायबर धोखाधड़ी में संलिप्त दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा और भेजा गया जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा कांकेर के खाता क्रमांक 10181380466 में आरोपी द्वारा अवैध धन जो सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त धन राशि को यह जानते हुए कि वह संपत्ति बेईमानी व किन्ही प्रबंचनापूर्ण उपायो द्वारा प्राप्त की गई है। ऐसे संपत्ति को अभ्यासतः प्राप्त करते हुए और छिपाने में या व्यवनित करने में यह विश्वास करने का कारण रखते हुए संपत्ति का संवर्धन करना पाया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा। पुलिस मुख्यालय द्वारा भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध पोर्टल के माध्यम से प्राप्त म्युल एकाउंट के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र मिला था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलिसेला के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल भानुप्रतापपुर के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में कांकेर पुलिस से विशेष टीम गठित कर संदिग्ध के पता तलाश के लिए रवाना किया गया। प्रकरण में आरोपी पखांजुर थानांतर्गत पखांजुर निवासी 30 वर्षीय अमन पासवान पिता श्रीराम पासवान और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली निवासी 38 वर्षीय सुजित मजुमदार पिता सुधीर मजुमदार को गिरफ्तार कर न्यायालय कांकेर में न्यायिक अभिरक्षा के लिए पेश कर किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, प्रआर सुरेश भुआर्य, आर शाक्ति सिंह एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग पार्टी का अहम भूमिका रहा है। पुलिस ने प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया अपराध की पुष्टि होने पर थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 305/2025 धारा 317 (2), 317 (4), 317 (5), 318 (4), 111 बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था।

# बिना इंडीकेटर के खड़े हाईवा से बाइक टकराई, हादसे में 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के कच्चे चौकी अंतर्गत भैंसमुंडी के पास मोटर सायकल में सवार तीन लोग रास्ते में खड़ी हाईवा वाहन में जा टकराए। टक्कर से तीनो लोगो को चोटें आई है। बाइक चालक को गंभीर चोट आने की वजह से बाहर रिफर किया गया। बाइक में सवार युवक ने आरोपी हाईवा वाहन के चालक खिलाफ वाहन को लापरवाही पूर्वक बिना किसी संकेतीक व एंडीकेटर जलाए सड़क



पर खड़ी करने के कारण हादसा होने का शिकायत किया है। कच्चे चौकी में शिकायत करने पहुंचे बालोद जिला के डौंडी थानांतर्गत तुमड़ीसुर निवासी 24 वर्षीय तिलक राम तारम पिता अमेल तारम ने पुलिस को बताया कि 21 अगस्त को मै तथा मेरे पिता अमेल राम तारम व गांव के रामदेव दरपट्टी तीनो मेरे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एक्स 6428 में सवार होकर ग्राम चौगेल मेरे दीदी ललिता के घर जाने के लिए निकले थे। मोटर सायकल को रामदेव दरपट्टी चला रहा था, बीच में मै बैठा था, मेरे पीछे में मेरे पिता अमेल बैठा था। ग्राम भैंसमुंडी के पास मेन रोड में दोपहर करीबन 2 बजे मेन रोड पर हाईवा क्रमांक सीजी 24 एन 4898 के चालक बिना एंडीकेटर जलाए बिना सूचक के वाहन ▶▶| शेष पेज 12 पर

# कुर्ती खरीदने के चक्कर में महिला से 1.44 लाख की हुई ऑनलाइन ठगी, मामला दर्ज

**कांकेर।** जागरूकता के आभाव में जनता ऑनलाईन ठगी का शिकार हो रहें। फ्राड करने वाले आम जनता की गाढ़ी कमाई पर आसानी से हाथ साफ कर उन्हे ठग रहें है। एक ऐसा ही मामला भानुप्रतापपुर के सलिहापारा से सामने आया है, जिसमें महिला के साथ 1 लाख 44 हजार की ठगी हो गई। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे सलिहापारा वार्ड क्रमांक 7 भानुप्रतापुपर निवासी 33 वर्षीय गरिमा सोनेल पिता प्रमोद प्रकाश सोनेल ने पुलिस को बताया कि मैने अपने इंस्टाग्राम से 8 अगस्त को फेन्टास्टिक कुर्ती साईट पर 950 रूपएं की एक कुर्ती ऑनलाईन ऑर्डर किया था, जिसके दो दिन बाद मुझे व्हाट्सएप कॉल आया। बोला गया कि उक्त कुर्ती के लिए 1 हजार 250 रूपएं जीएसटी




की राशि देना है, जिसमें से 50 रूपएं बस कटेगा और शेष 1 हजार 200 रूपएं मुझे वापस मिल जाएगा। इसके बाद मुझसे लगातार जीएसटी, स्टेट टैक्स, ओटीपी चार्ज, बैंक चार्ज, इल्लीगल चार्ज, रोलिंग चार्ज के नाम पर कुल 1 लाख 44 हजार 300 रूपएं क्यूआर कोड पर ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर लिया। उसके बाद मुझे ▶▶| शेष पेज 12 पर

# बच्चे की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत सीएचसी नरहरपुर में 10 वर्षीय देमन मंडावी का मौत 22 अगस्त को हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।


तुरंत आराम के लिए

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय

पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732

लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज

चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज

पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज

स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज

बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KANKER

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)

89595-93930 • 89595-44444



online Booking:-www.tripuryatra.com



11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडु ( बुद्ध नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411






संपत्ति की विशेषताएँ

Temple | Kids Play Area | 40Ft Wide Main Road | Garden | 24/7 Security



समृद्धि विहार कॉलोनी

में आराम और विकास से भरी ज़िंदगी में कदम रखें।

CONTACT DETAILS

+9190045 95222 | samriddhibuilderscolonizers@gmail.com

कांकेर सरंगपाल रोड, माटवाड़ा मोदी कांकेर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### पीएमश्री में रोबोटिक्स प्रशिक्षण दिया व र्यशाली की

**दुर्गुकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में पांच दिवसीय रोबोटिक्स प्रशिक्षण 19 से 23 अगस्त तक कार्यशाला का आयोजन समग्र शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़ और नाइलेट भुवनेश्वर के सहयोग से किया गया। उक्त प्रशिक्षण में 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थीयों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्धेश्य विद्यार्थीयों में वैज्ञानिक सोच का विकास करना एवं नवाचार विकसित करना था। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में विद्यार्थीयों ने रोबोट कैसे बनाया जाता है, कैसे काम करता है तथा रोबोट के मदद से कैसे हमारे आवश्यक कामों को आसान बनाया जा सकता है को जाना एवं समझा। विद्यार्थीयों ने आरडीनो युनो, विभिन्न प्रकार के सेंसर जैसे अल्ट्रासोनिक आईआर, एलडीआर, गैस सेंसर आदि के बारे में जाना। विद्यार्थीयों ने भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन कराए जाने की बात रखी।

### पेंशनधारी कल्याण संघ ही हुई बैठक

**भानुप्रतापपुर।** पेंशनधारी कल्याण संघ का बैठक 23 अगस्त को हुई, जिसमें संभागीय अध्यक्ष जीएस पाण्डेय भानुप्रतापपुर में जिला के पेंशनधारी कल्याण संघ कार्यकारिणी सदस्यों से भेंट किया। उक्त बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। सौजन्य भेंट के दौरान प्रांतीय प्रवक्ता जी साही, प्रचार सचिव अनंत महतो, उपाध्यक्ष डीपी पाण्डेय, दिलदार सिंह ठाकुर, बसंत शर्मा तथा रतन राम यादव उपस्थित रहें।

### बालक-बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता 31 को

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इनरव्हील क्लब जगदलपुर द्वारा 31 अगस्त को इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम स्थित बैडमिंटन कोर्ट में बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन किया जाएगा। यह टूनार्मेंट अंडर-14, 17 और 19 श्रेणियों में होगा जो लड़के-लड़कियों दोनों के लिए होगा। अध्यक्ष लाइबा चामड़िया ने बताया कि इस टूनार्मेंट का उद्देश्य बच्चों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के लिए प्रेरित करना है।

# विकासखंड दुर्गूकोंदल में शालाओं की सघन मॉनिटरिंग, बीईओ ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रतिदिन स्कूलों की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। इस पहल के तहत खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने विकासखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित प्राथमिक शाला हेपुरकसा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल में पोला पर्व की तैयारियां उत्साहपूर्वक चल रही थी। बीईओ ने विद्यार्थियों से पोला पर्व और इससे संबंधित सामग्रियों के बारे में सवाल पूछे, जिनका बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया।

औचक निरीक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने बच्चों को बताया कि छत्तीसगढ़ में पोला पर्व खेती-किसानी से गहराई से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक त्योहार है, जो भाद्र मास की अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन की मान्यता है कि अन्नमाता गर्भ धारण करती है और परंपरानुसार खेतों में जाने की मनाही होती है। किसान अपने बैलों को सजाते, नहलाते और उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। यह पर्व देश के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है, लेकिन इसका मूल उद्देश्य बैलों की पूजा और खेती की समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त करना है। विकासखंड में शैक्षिक गुणवत्ता को और बेहतर करने के लिए एबीईओ अंजनी मंडावी ने प्राशा पटेलपारा खुटगांव, इग्नाइट इंग्लिश मीडियम स्कूल और सेजेस दुर्गुकोंदल का दौरा किया।

## विकासखंड दुर्गुकोंदल में शालाओं की हो रही है सघन मॉनिटरिंग

### शिक्षकों को दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों को दैनंदिनी नियमित रूप से भरने, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा और राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने साप्ताहिक टेस्ट आयोजित करने, पाठ योजना के आधार पर अध्यापन करवाने और विद्यार्थियों की वाक अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने पर जोर दिया।



### लापरवाही पर हो रही सख्ती

निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है, ताकि अनुशासन और शैक्षिक गुणवत्ता में कोई कमी न रहे। विकासखंड में किए जा रहे ये प्रयास शैक्षिक सुधार के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जिससे विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता और शैक्षिक उत्साह का संचार हो रहा है, जो क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक सकारात्मक कदम है।

## योजना : दमकसा और हाटकोंदल में हुआ साइकिलों का वितरण, शिक्षा की राह हुई आसान

# दमकसा व हाटकोंदल स्कूल की छात्राओं को सरस्वती योजना की मुक्त साइकिल दी गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती सायकल योजना ने कई छात्राओं की जिंदगी में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इस योजना के तहत शासन द्वारा छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की जा रही हैं, ताकि वे स्कूल तक आसानी से पहुंच सकें। इसी कड़ी में 23 अगस्त को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमकसा और सेजस हाटकोंदल में सरस्वती सायकल योजना के तहत साइकिल का वितरण किया गया। दमकसा संस्था के प्राचार्य कुमुद ध्रुव ने बताया कि सरस्वती सायकल योजना छत्तीसगढ़ सरकार कि एक महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना ने न केवल छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में मदद की है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। अब वे स्कूल जाने के लिए उत्साहित हैं और अपने भविष्य को उज्वल बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं। इस योजना के तहत शासन ने अब तक लाखों छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की हैं। यह योजना न केवल छात्राओं को शिक्षा के अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है। इस योजना के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ में छात्राओं की स्कूल उपस्थिति में वृद्धि हुई है। हायर सेकेंडरी स्कूल दमकसा में 38



साइकिलों का वितरण किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बीरेंद्र देहारी ने कहा कि मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित एक कल्याणकारी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली बालिकाओं को मुफ्त साइकिल वितरित करना है, ताकि वे स्कूल आसानी से आ-जा सकें। इस दौरान भूतपूर्व सरपंच तोरण दुग्गा, समिति के सदस्य कन्हैया लाल पुडो, राम भरोस उसेंडी, मनोज दरियो, अश्वनी वैध, शंकर लाल टांडिया, पंचराम कृपाल, विजय कुमार गोटा, धनशायम कोटेंद्र, धनेंद्र साहू, नरेशा मंडावी, ललिता सिन्हा, श्रद्धा ठाकुर सीमा चौधरी, नीता नायक, राजेश्वरी भंडारी, खुशबू ध्रुव, पालकगण, शिक्षक शिक्षिकाएं बच्चों की उपस्थिति रहे।



### सेजेस शाउमावि हाटकोंदल में की 31 छात्राओं को मिली सायकिल

स्वामी आत्मानंद उत्तकृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटकोंदल में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9 वीं में अध्ययनरत 31 छात्राओं को वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच हाटकोदल हरिषा मंडावी, अध्यक्षता शाला प्रबंधन अध्यक्ष दरबू राम कोसमा विशेष अतिथि इन्द्रजीत, प्रवीण ठाकुर, मायावती, यशोदा, युवराज पटेल, ललित हिड़को बिहारी ठाकुर उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि ने सभी बालिकाओं को नियमित रुप से विद्यालय आने के लिए सायकल का प्रयोग करने को कहा। पालकों ने उक्त योजना के माध्यम से बालिकाओं को सरकार के द्वारा सायकल प्रदान कर शिक्षा के प्रति रुझान पैदा किया गया है।

### कलंगपुरी की छात्राओं को मिली सायकिल

**दुर्गूकोंदल।** दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के शासकीय हाईस्कूल कलंगपुरी में सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा 9 वीं में अध्यनरत छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति योगेश कुलदीप और सरपंच सियाराम मंडावी की उपस्थिति में किया गया। विशेष अतिथि सियाराम मंडावी, संस्था के प्राचार्य बलीराम दुग्गा, कार्तिक राम जैन, बिरेंद्र मंडावी उपस्थित रहें। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना है और उन्हें सुविधा प्रदान करना है। छात्राओं को भी सरकार की योजना का लाभ लेते हुए पढ़ाई पर ध्यान लगाने को प्रेरित किया।



## टोल फ्री की मांग पर टोल प्लाजा में धरना प्रदर्शन



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर और ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने सीजी 17 की समस्त गाड़ियों का टोल टैक्स निःशुल्क करने व नियम विरुद्ध बनाए जा रहे नए टोल प्लाजा को लेकर बढ़ईगुड़ा घाटलोहंगा टोल प्लाजा की नाकाबंदी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया कि धमतरी से जगदलपुर के बीच की दुरी 272 कि.मी हैं। इस दरम्यान बढ़ईगुडा, मसोरा,चारामा के आगे जगतरा फिर धमतरी टोल नाका संचालित हो रहा हैं। पप्पु ढाबा के आस-पास नया टोल नाका बनाया जा रहा हैं जो कि बिल्कुल नियम विरुद्ध है। भाजपा के जनप्रतिनिधियो को अन्य शहरों के तर्ज पर यहां की सीजी 17 गाड़ियों को भी टोल टैक्स निःशुल्क करने हेतु पहल करना चाहिए। आज पर्यंत तक बन रहे नए टोल प्लाजा का किसी भी भाजपा के नेता मंत्रियों ने संज्ञान में नहीं लिया न ही कोई पहल की है । जो कि साफ दशार्ता है कि भाजपा सरकार सिर्फ जनता को लूटने के अलावा कोई कार्य नहीं करती है । ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने कहा टोल टैक्स का शुल्क तो लिया जा रहा है परन्तु रायपुर तक कई जगहों पर सड़क खराब है। एनएचआई के अनुरूप टोल शुल्क लेने के बाद जो सुविधायें जैसे एम्बुलेन्स व अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिए वो अप्राप्त हैं। आज बढ़ईगुड़ा घाटलोहंगा पर पड़ने वाले टोल प्लाजा की नाकाबंदी करते हुए धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया । इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व विधायक चंदन कश्यप, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, उमाशंकर शुक्ला,उपनेता कोमल सेना, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव,संतोष सेठिया, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन,सुषमा सुता,सुभाष गुलाटी,सेमीयल नाथ, सूरज कश्यप, जावेद खान,अल्पसंख्यक अध्यक्ष रोजविन दास, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी आदि मौजूद रहे।

# नगर की समस्याओं पर यूथ क्लब ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

यूथ क्लब भानुप्रतापपुर के युवाओं ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें

- दुर्घटना, सड़कों में गड्ढे, लाइट व्यवस्था व बैरिकेड व्यवस्था पर जताई चिंता



भानुप्रतापपुर क्षेत्र के सड़को में माल वाहक वाहनों के ओवर स्पीड से पशुओं एवं क्षेत्र के लोगों के साथ हो रही दुर्घटना, क्षेत्र की सड़कों में गड्ढे, नगर में लाइट की व्यवस्था और बैरिकेड की व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की गई है।

यूथ क्लब के डिकेश साहू ने कहा की नगर की सड़कों में गड्ढे, नगर में लाइट की व्यवस्था कम होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा है। इसके अलावा बड़े माल वाहक वाहनों के ओवर स्पीड से आए दिन बहुत से मवेशी दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बीती रात यूथ क्लब भानुप्रतापपुर के युवाओं द्वारा चार दुर्घटनाग्रस्त मवेशियों का इलाज किया गया है। सड़कों में लाइट की कमी एवं बैरिकेड की व्यवस्था न होने से क्षेत्र के लोगों के लिए भी दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। यूथ क्लब भानुप्रतापपुर ने कहा कि इस समस्या का समाधान करने के लिए जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाएं और नगर की सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए कम करें।

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन देने में यूथ क्लब भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष, हिमांशु ठाकुर, प्रेम शर्मा, विवेक डड़सेना, गौरव श्रीवास्तव, राहुल साहू, वेद प्रकाश सिन्हा, आयुष जायसवाल,हर्ष शिवहरे, कनक राजपूत, यश महलवार, लालू यादव, प्रभजोत धालीवाल, सौरभ सचदेव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# धारदार हथियार लहराकर की गाली-गलौज आरोपी को न्यायिक हिरासत पर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



शहर के जवाहर वार्ड कांकेर में हाथ में लोहे का तलवार लहराते हुए अपशब्दो का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी संजय नगर निवासी 55 वर्षिय मोहन सिंह राजपूत पिता विसन सिंह राजपूत को कांकेर पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 अगस्त की रात को आरोपी मोहन ठाकुर द्वारा जवाहर वार्ड कांकेर अपने हाथ में लोहे का तलवार लहराते हुए गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दे रहा है कि जानकारी मोहल्ले वालो से मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी किया और आरोपी संजय नगर निवासी 55 वर्षीय मोहन सिंह राजपूत पिता विसन सिंह राजपूत को पकड़ा, जो अपने हाथ में एक लोहे का तलवार लिए हुए था, उसे हिरासत में लेकर आरोपी के कब्जे से एक नग लोहे का धारदार तलवार को जप्त कर धारा 296, 351 (2) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान त्वारित कार्यवाही करते हुऐ कांकेर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय कांकेर में न्यायिक अभिरक्षा के लिए पेश कर जेल दाखिल किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी मनीष नागर के नेतृत्व में प्रआर सुरेश भुआर्य, आर गजेन्द्र नागवंशी, अमर लाल नेताम एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग पार्टी की अहम भूमिका रही।

# युवा कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर छात्र-छात्राओं को बांटीं किताबें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिला युवा कांग्रेस के द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर महाविद्यालीन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया। राजीव भवन में आयोजित कार्यक्रम एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चमन साहू एवं युवा कांग्रेस जिला महासचिव सुरेश नाग के नेतृत्व किया गया। एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि युवा कांग्रेस द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जन्मदिन के अवसर पर महाविद्यालय के प्रतिभावान तथा जरूरतमंद छात्र छात्राओं पुस्तक सामग्री दिया गया है। प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी और भूपेश बघेल मुख्यमंत्री थे, तब भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल और स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय की शुरुवात करके हजारों छात्र छात्राओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम दिया। उसी उद्देश्य से युवा कांग्रेस ने एक छोटा सा प्रयास जरूरतमंद और प्रतिभावान छात्राओं को पुस्तक सामग्री वितरण करके किया। युवा कांग्रेस जिला महासचिव सुरेश सुरेश नाग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस हमेशा छात्रहित में कार्य करती है। भूपेश बघेल जब प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब पूरे प्रदेश स्वामी आत्मानंद स्कूल व कॉलेज की शुरुआत जो इस प्रदेश शिक्षा क्षेत्र एक क्रांति है। पुस्तक वितरण में वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई, रमेश गौतम, सुनील गोस्वामी, अजय सिंह रेणु, रोशन आरा, गोमती सलाम, नरेश बिछिया, यासिन कराणी, उदय शर्मा, दीपक शोरी, मुकेश तिवारी, ओमप्रकाश देवांगन, विजय यादव, दिलीप नाग, पंचू सलाम, अनमोल मंडावी, खोमेंद्र उइके, अमित साहू, विनय ठाकुर, प्रशांत सिन्हा आदि युवा कांग्रेस व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## जन्मदिन मना रहे युवकों ने किया राष्ट्रगान के अपमान

**पखांजुर।** पखांजुर थानांतर्गत अंतर्गत ग्राम पीव्ही 68 में जन्मदिन समारोह के दौरान राष्ट्रगान का अपमान करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ युवाओं को केक काटने के दौरान राष्ट्रगान को मजाकिया और अशोभनीय अंदाज में गाते हुए सुना जा सकता है। राष्ट्रगान को सावधान की स्थिति में खड़ा होकर गया जाता है, लेकिन युवकों ने नियम का उलंघ्घन किया। इस घटना ने इलाके में आक्रोश पैदा कर दिया है और लोग युवाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यह वायरल वीडियो ग्राम पीव्ही 68 निवासी अजय मंडल के जन्मदिन समारोह का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ सुनाई दे रहा है कि युवा केक काटते समय राष्ट्रगान गा रहे हैं, लेकिन वे राष्ट्रगान का सम्मान करते हुए नजर नही आ रहें है। इसके अलावा वीडियो में वंदे मातरम के नारे भी मजाक के लहजे में लगाए गए हैं, जो राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति उनकी असंवेदनशीलता को दर्शाता है। इस अपमानजनक कृत्य में शामिल कुछ अन्य युवक भी नजर आ रहें है। वीडियो के वायरल होने के बाद से ही स्थानीय लोग और सामाजिक संगठन गुस्सा व्यक्त कर रहे हैं। उनका मानना है कि यह कृत्य न केवल राष्ट्रगान का अपमान है, बल्कि यह राष्ट्रीय गौरव और सम्मान को भी ठेस पहुंचाता है।



# मेंडो में बाल कैबिनेट का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंडो में 4 अगस्त को बाल केबिनेट का गठन किया गया। भावी मतदाता विद्यार्थी को देश में होने निर्वाचन की प्रत्यक्ष जानकारी,रचनात्मक कौशल करते हुए समुदाय

- छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक सरल माध्यम

हित में काम करने योग्य बनाने के उद्देश्य से बाल कैबिनेट गठन के लिए देश में वर्तमान समय निर्वाचन की प्रक्रिया, जिसमें सारे दायित्व विद्यार्थियो ने ही निभाया।

बाल कैबिनेट निर्वाचन के लिए निर्वाचन अधिकारी के रूप में मेघनाथ कांगे व्याख्याता अर्थशास्त्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी शारदा सिन्हा, वैकल्पिक शिक्षक राजनीति को बनाया गया। निर्वाचन विभिन्न पद जैसे शाला नायक, क्रीड़ा प्रभारी, अनुशासन प्रभारी, साहित्यिक गतिविधि प्रभारी, सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी, बागवानी प्रभारी, पद उम्मीदवार चयन के लिए नाम निर्देशन प्रक्रिया अंतर्गत उम्मीदवार के नाम आमंत्रित किए गए इसके लिए विद्यार्थी ने फार्म भरे, जिसके बाद नाम वापसी के लिए 48 घंटे का समय दिया गया था, केवल एक प्रत्याशी ने नाम वापस लिया। मतदान की प्रक्रिया के बाद मतदान दल का नाम मतदान प्रगणक के रूप में परिवर्तित किया गया। शाला नायक के पद पर करिश्मा कोमरे ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी को 41 मत, भूमिका कोमरा अनुशासन गतिविधि प्रभारी पद पर राहुल उईके 8 मत से मुस्कान नरेटी को साहित्यिक गतिविधि प्रभारी पद पर जमुना कोमरे ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी को श्रवण बघेल 5 मत से, सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी पद पर सुमित भूआर्य ने निकटतम प्रतिद्वंदी को भूमिका महावे 6 वोट से, क्रीड़ा प्रभारी पद पर राहुल यादव ने निकटतम प्रतिद्वंदी को 7 वोट से, बागवानी प्रभारी पद पर सुष्मिता पिद्दा ने साहिल जैन को 26 वोट से हरा कर जीत हासिल की। इसके साथ ही इको क्लब प्रभारी कौशल कुमार, सह प्रभारी दुर्योधन नरेटी, रेड क्रॉस सोसायटी में लीडर टोकेश्वरीं, उप लीडर खुशबू सिन्हा, विज्ञान क्लब की प्रभारी करिश्मा कोमरे, गणित क्लब विकास धनेलिया, उप ध्यक्ष डोमिका जैन को मनोनीत किया गया।

सभी नवनिर्वाचित एवं नवनियुक्त बाल केबिनेट के पदाधिकारियों को सरपंच ग्राम पंचायत मेडो रमशिला कोमरा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्यारे लाल कोमरा एवं संस्था के प्रभारी प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने शपथ दिलाया।



## करकेली में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

**बीजापुर।** रजत जयंती के अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायत करकेली में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें हितग्राहियों को पोषण शिक्षा स्वास्थ्य एवं देखभाल के बारे में बताया गया। ग्राम के 30 एनिमिक महिला हितग्राहियों एवं 42 बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण कर मुफ्त में दवाईयां वितरण किया गया। बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ ग्रहण कराया गया, सभी को महिला हेल्प लाइन 181 व चाईल्ड हेल्प लाइन 1098 की जानकारी दिया गया।

पेज 11 के शेष...

### बिना इंडीकेटर के...

को नो पार्किंग में खड़ा किया था, जिससे हमारी मोटर सायकल हाईवा के टायर में टकरा गया। दुर्घटना में मुझे सिर, माथा, दोनो हाथ, दोनों पैर में तथा मेरे पिता अमेल को दोनो पैर, हाथ में एवं रामदेव दरपट्टी को सिर में चोट लगा है। मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया है। एक्सीडेंट में रामदेव दरपट्टी को गंभीर चोट आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन हाईवा क्रमांक सीजी 24 एन 4898 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 285 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### कुर्ती खरीदने...

अन्य मोबाइल नंबर से भी राशि की मांग की जाती रही है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोबाइल नंबर 9256720922 का धारक के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा जागरूकता लाने के लिए बार बार अभियान चलाते हुए सायबर फ्राड से बचने के उपाय बताकर जागरूक करने का पूरा प्रयास कर रही है, लेकिन आज जनता अब भी सस्ते और लुभावने स्कीम के झांसा में आकर फ्राड के चंगुल में फंस जाते है। ठगी का अहसास उन्हे तब होता है, जब वे लाखों रूपएं गंवा चुके होते है। तब तक बहुत देर हो जाती है और उन्हे आखिरकार पुलिस का सहारा लेना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### विधायक कार्यालय में जनता की समस्याओं का हुआ निराकरण



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधायक कार्यालय नयापारा में आज विधानसभा क्षेत्र की जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। समस्याओं का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने भी मुलाकात कर अपनी बात रखी। सडक निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल,राजस्व संबंधी प्रकरण, विद्युत संबंधित व अन्य समस्याओं से विधायक अवगत हुए।

### कांग्रेसी नेताओं ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को दिया समर्थन

**बीजापुर।** प्रदेश सचिव दुर्गेश राय सहित कांग्रेस के नेता जिले के एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी को समर्थन देने पहुंचे। दुर्गेश राय ने कहा कि स्वास्थ विभाग के लगभग 300 एनएचएम अधिकारी-कर्मचारी अनिश्चित हड़ताल पर है, लेकिन सरकार इनकी मांगों को पूर्ण करने में असफल है। पूरे सुकमा जिला में स्वास्थ सेवा ठप है। आम जनता परेशान है एवं जिला हॉस्पिटल में ओपीडी भी बन्द पड़ा है। एनएचएम कर्मचारी-हड़ताल पर जाने से पूरे अंदरूनी क्षेत्र के स्वास्थ सेवा पूरी तरह से ठप पड़ी है।

### अंडर-14 का ट्रायल आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14, 50-50 ओवर प्रतियोगिता बस्तर जिला क्रिकेट संघ द्वारा बस्तर जिले के टीम के लिये ट्रायल 24 अगस्त को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस क्रिकेट स्टेडियम कालीपुर में प्रातः 9 बजे से लिया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी सफेद पोशाक एवं स्वयं के किट के साथ आएंगे। अंडर-14 ट्रायल में वही खिलाडी भाग ले सकते है जिनका जन्म 1 सितम्बर 2011 से 31 अगस्त 2013 में होना चाहिये। चयनकर्ता प्रदीप गुहा, साहिद खान, रविन्द्र ठाकुर, विवेक राय, टोनी बारला होंगे तथा बस्तर जिला क्रिकेट के कोच करणदीप सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

### नेतृत्व क्षमता तथा तार्किक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यार्थियों ने किया



**जगदलपुर।** केंद्रीय विद्यालय में आज युवा संसद का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी वक्तत्व कला, नेतृत्व क्षमता तथा तार्किक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने संसद के संचालन की शैली को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम का प्रबंधन अनामिका सिंह और प्रियंका यादव ने किया। प्राचार्य ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां जीवन में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व कौशल विकसित करती हैं। उन्होंने संदेश दिया कि वे अपनी प्रतिभा को इसी तरह प्रदर्शित करते रहें और हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए विद्यालय और समाज का नाम रोशन करें।

# उपभोक्ता घर बैठे जागृति पोर्टल से दर्ज कर सकते हैं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के निदेर्शानुसार गुरूवार को जिला

- आयोग का बकावंड में हुआ उपभोक्ता जागरुकता शिविर

उपभोक्ता आयोग जगदलपुर द्वारा ग्राम बकावंड में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल द्वारा उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान कर ई हियरिंग एवं ई-फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करना पड़ेगी। उपभोक्ता घर बैठे ही जागृति पोर्टल द्वारा मोबाइल



के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्पाद और सेवाओं से जुड़ा प्रत्येक मुद्दा जिसमें उपभोक्ता को किसी परेशानी का सामना करना पड़ता है वह उपभोक्ता कानून के अंतर्गत आता है। ऐसी स्थिति में आम उपभोक्ता बीमा, फसल बीमा, बैंकिंग सुविधा, कोचिंग संस्थान एवं निर्माण कार्य एजेंसियों के विरुद्ध आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित बकावंड एसडीएम मनोज वर्मा ने उपभोक्ता कानून पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ पारेश्वर कुर्रे ने भी उपभोक्ता कानून और ई फायलिंग के संबंध में उपस्थित जनों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। संपन्न कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा सहित जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनबारी भद्रे, उपाध्यक्ष तरुण पांडे, सरपंच संघ के अध्यक्ष हिमाधर बघेल, सचिव रमेश ठाकुर, बकावंड थाना प्रभारी डोमेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार सुनील कुमार ध्रुव, ग्रामीण जन तथा जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी अनंत वैद्य, भारत भूषण टंडन, सुधीर गुप्ता, अभिषेक तिवारी, संतोष देवांगन एवं नरपत नाग आदि शामिल रहे।

### एएसपी ने डीजे संचालकों की ली बैठक, दिए निर्देश

# ऊंची आवाज में डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आगामी पर्वों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने के उद्देश्य से शनिवार को शहर के सभी डीजे संचालको की बैठक एसपी दफ्तर में आयोजित की गई।

- न्यायालय के गाईड लाईन का करें पालन



बैठक में डीजे संचालकों को सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के गाईड लाईन की जानकारी देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया गया कि पर्व के दौरान उंची आवाज में डीजे नही बजाये जायेंगे।

एएसपी महेश्वर नाग ने डीजे संचालकों से कहा कि पर्व को शातिंपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं तथा न्यायालय के दिशा निर्देशों का पालन करें। संचालकों को बताया गया कि निर्धारित समयावधी के बाद डीजे संचालन पूर्णता बंद रहेगा। इसके अलावा ध्वनि प्रदुषण नियंत्रण मानको का पालन करना सभी संचालको के लिए अनिवार्य होगा। उल्लघंन की स्थिति में संबंधित संचालको के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जावेगी। पर्व के दौरान आयोजनकर्ता व डीजे संचालक यह सुनिश्चित करें कि कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था भंग न हो। किसी भी प्रकार के विवाद या अनुशासनहीनता की स्थिति में जिम्मेदारी आयोजक व संचालकों की होगी। अत्यधिक लाउड स्पीकर लगाने या सड़कों पर डीजे गाड़ीया खडी कर भीड बढाने पर भी कार्यवाही की जायेगी।

इसके अलावा डीजे संचालक को स्थल पर डीजे बजाने से पूर्व प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बैठक में सभी डीजे संचालको ने पुलिस व प्रशासन को सहयोग देने एवं न्यायालय द्वारा निर्धारित सभी दिशा निदेर्षों का पालन करने आश्वस्त किया। बैठक में एएसपी माहेश्वर नाग के अलावा सीएसपी सुमितकुमार, एसडीएम ऋषिकेष तिवारी व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# रिश्वत लेते पटवारी का वीडियो हुआ वायरल किया गया स्थानांतरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

पटवारी द्वारा खुलेआम भ्रष्टाचार कर रहे वायरल वीडियो मामले में एसडीएम ने संज्ञान लेते हुए प्रथम दृष्टिया पर पटवारी का स्थानांतरण किया। बांदे उपतहसील में पदस्थ पटवारी उमाकांत जोशी के खिलाफ खुलेआम भ्रष्टाचार का वीडियो वायरल होने मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजु ने संज्ञान लेते हुए पटवारी का स्थानांतरण सितरम हल्का में कर दिया।

हाल ही में रिश्वत लेते हुए पटवारी उमाकांत जोशी का दो वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, लगातार भ्रष्टाचार के वीडियो के सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और प्रशासन पर कड़ी कार्रवाई करने का दबाव बढ़ गया है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब एक शिकायतकर्ता ने पटवारी पर भू-विभाजन और नामांतरण के एवज में 7 हजार रुपएं की रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। इस शिकायत के साथ ही पटवारी का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें वे कथित तौर पर रिश्वत की रकम लेते हुए दिखाई दे रहे थे। पहले मामले के सामने आने के बाद एक और व्यक्ति ने हिम्मत दिखाते हुए पटवारी जोशी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इस नए शिकायतकर्ता का भी आरोप है कि उसने पटवारी को रिश्वत दी थी, जिसका वीडियो अब सामने आया है। इस दूसरे वायरल वीडियो में भी पटवारी उमाकांत जोशी एक अन्य व्यक्ति से पैसे लेते हुए दिख रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजुर टीकाराम देवांगन ने बताया प्रथम दृष्टया पटवारी को वहाँ से हटाकर दूसरे गाँव सितरम और कंदाडी में भेज दिया गया है। मामले की जांच चल रही है और जांच पूरी होने के बाद ही उचित और कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने शुक्रवार को शहर के नगर निगम कार्यालय से दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय तक के सी सी सडक निर्माण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सी सी सडक चौड़ीकरण निर्माण कार्य लागत 19 लाख के 530 मीटर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज,उप अभियंता प्रवीण पोयाम व अन्य उपस्थित थे।

# स्कूलपारा की सौर लाइट पांच साल से खराब, दुरुस्त की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

हाटकोंदल स्कूल पारा में पांच साल पूर्व लगाए गए सौर प्लेट से जलने वाले लाइट की स्थिति खराब हो गई है, जिससे शाम होते ही गांवों में अंधेरा पसर जा रहा है, लेकिन इस पर ना तो स्थानीय जनप्रतिनिधी का 2सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर धीरे-धीरे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सरकार के आदेश पर पंचायत के विभिन्न ग्राम वार्डों में मुखिया के चिन्हित स्थानों पर ग्रामीणों को अंधेरों से मुक्ति देने के लिए लगाया गया था। ग्रामीण अवधेश यादव, गजानंद निषाद, नेहरू यादव, सुरेश यादव,विक्की ठाकुर, मोती गाँवर, प्रमोद यादव व मानू कोर्राम ने बताया



कि पिछले 2020 जुलाई व अगस्त के महीने में पंचायत प्रतिनिधियों के चयनित स्थलों पर एक-एक सौर प्लेट बैटरी से चलने वाली लाइट को गांव की गलियों में उजाले के लिए लगाया था सौर ऊर्जा से संचालित लाईट की समस्या को लेकर विभागीय अधिकारी और कर्मचारियो को लिखित शिकायत और दुरभाष से इसकी जानकारी कई बार दी गई, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्राम मुखिया ललित हिड़को ने बताया कि यह सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइट गांव की गलियों में शोभा बढ़ाने का काम कर रही है, लेकिन इसको देखने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों ने खराब हुई लाईट को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।

# हैदराबाद में पहली बार दौड़ेंगे बस्तर के धावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के सहयोग से आयोजित हैदराबाद मैराथन-2025 में हिस्सा लेने बस्तर जिले की टीम आज रवाना हुई। जिला कलेक्टर हरीश एस. ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। यह मैराथन 23 और 24 अगस्त को हैदराबाद में आयोजित होगी,जिसमें देश-विदेश के धावक भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 5 किमी,10 किमी, हाफ मैराथन 21 किमी और फुल मैराथन 42 किमी की श्रेणियाँ शामिल होंगी। कलेक्टर हरीश एस ने इस अवसर पर कहा कि बस्तर के युवा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मैराथन जैसे बड़े आयोजनों में उनकी भागीदारी गर्व की बात है। खेल एवं युवा



कल्याण विभाग के अधिकारी ऋषिकेश तिवारी ने कहा कि बस्तर के खिलाड़ियों में अपार ऊर्जा और प्रतिबद्धता है। हमें विश्वास है कि यह टीम अपनी लगन और मेहनत से हैदराबाद मैराथन में बेहतर प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश का मान बढ़ाएगी। एनएमडीसी के वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक अनुज सिंह ने कहा कि एनएमडीसी सदैव खेलों को प्रोत्साहन देता रहा है। हमें विश्वास है कि बस्तर के खिलाड़ी इस मैराथन में शानदार प्रदर्शन करेंगे।बस्तर जिले से चयनित खिलाड़ी में डमरूधर निषाद, पाण्डु राम वट्टी, प्रकाश सेना, बोलमू राम पोयामी, सुखराम कश्यप, अनिल कुमार देहरी और शंभु कश्यप। इस दौरान एनएमडीसी के उप प्रबंधक गौरव मसीह,संभागीय खेल अधिकारी रविंद्र पटनायक,जिला खेल अधिकारी वेद प्रकाश सोनी,खेल अधिकारी सुनील पिल्लै, कोटेश्वर राव नायडू,चंद्रमोहन वर्मा, प्रदीप साहू, अविनाश माने, अभिजीत तिवारी सहित अन्य अधिकारी,व यायाम अनुदेशक और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

### 266 ग्रापं में ओएफसी जुड़ने के साथ इंटरनेट की सुविधा

**जगदलपुर।** भारत सरकार द्वारा ग्रापं में ऑप्टिक फाइबर के माध्यम से हाई स्पीड इंटरनेट देने का प्रावधान है। बीएसएनएल द्वारा बस्तर में इस परियोजना का उपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के अतिरिक्त समीप में स्थित संस्थानों, ग्राहकों को भी इंटरनेट की सेवा दी गई है। बीएसएनएल द्वारा वर्तमान में बस्तर संभाग के 266 ग्राम पंचायतों में ओएफसी जुड़ने के साथ इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है और स्थानीय आवश्यकतानुसार इसके माध्यम से 939 कनेक्शन कार्यरत हैं।

# सशक्त पंचायत बनाने में सरपंच की अहम भूमिका : देव

**जगदलपुर।** विधानसभा क्षेत्र के आड़ावाल के सामुदायिक भवन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने नवनियुक्त सरपंच संघ के पदाधिकारियों से भेंटकर संघ विस्तार से चर्चा की । उन्होंने उनकी समस्या सुनकर समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में किरण देव ने सभी नव नियुक्त सरपंच संघ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। संरपंच को अपने अपने पंचायत क्षेत्रों में जनता के मांग के अनुरूप क्षेत्र का विकास करने को कहा। उन्होंने कहा सभी के सहयोग से अपने क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने का कार्य करना है। सशक्त पंचायत बनाने में सरपंच की अहम भूमिका होती है। अपने अपने पंचायत की जनता के मांग के अनुरूप मूलभूत सुविधाओं के लिए राशि की कमी नहीं होगी। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य लगातार हो रहे हैं। विकास अनवरत जारी रहेगा। किरण देव ने कहा बिना भेदभाव के सभी पंचायतों में विकास कार्य किया जायेगा। आप अपने अपने क्षेत्रों के जनता के मांग के अनुरूप प्रस्ताव दें। उस प्रस्ताव के अनुरूप कार्य किया जायेगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, हरिराम मंडावी,सरपंच संघ के अध्यक्ष रैदू नाग , सचिव मानसाय, सुब्रतों विश्वास, राजेश शर्मा, सीमांचल दास, गणेश नागवंशी, हेमंत पोयाम,जंयती कश्यप, जितेन्द्र बाकड़ा, महादेव बाकड़े, महेन्द्र नाग, एवं संरपंच गण उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन की सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद याकूब रिजवी पिता मोहम्मद इब्राहिम उम्र 69 वर्ष जाति तेली मुसलमान, निवासी ग्राम पोस्ट संबलपुर, थाना व तहसील भानुप्रतापपुर जिला- उ.ब.कांकेर छ.ग. के हैं। मेरे पक्षकार का वास्तविक एवं पूरा नाम मोहम्मद याकूब रिजवी पिता मोहम्मद इब्राहिम है जो उसके आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र सहित अन्य समस्त दस्तावेजों में दर्ज है। मेरे पक्षकार का घरेलू नाम (निकनेम) फकीर मोहम्मद है परंतु फकीर मोहम्मद के नाम पर उसके पास कोई दस्तावेज नहीं है। मेरे पक्षकार के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका घरेलू नाम (निकनेम) फकीर मोहम्मद दर्ज किया गया है। फकीर मोहम्मद एवं मोहम्मद याकूब रिजवी दोनों नाम मेरे पक्षकार के ही हैं अन्य कोई पृथक व्यक्ति के नाम नहीं हैं। मेरे पक्षकार के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज नाम फकीर मोहम्मद को सुधारा जाकर "मोहम्मद याकूब रिजवी" लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ पत्र दिनांक 08/08/2025 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दंडाधिकारी भानुप्रतापपुर जिला- उ.ब.कांकेर छ.ग. के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज दिनांक के पश्चात से मेरे पक्षकार के शैक्षणिक दस्तावेज एवं उससे संबंधित समस्त दस्तावेजों में मेरे पक्षकार का नाम "मोहम्मद याकूब रिजवी" लिखा एवं पढा जावे संशोधन किया जावे उन्हें" मोहम्मद याकूब रिजवी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**भानुप्रतापपुर**
**दिनांक 23/08/2025**

**चन्द्रकुमार कटझरे (अधिवक्ता)**
**पंजीयन क्रमांक-1832/94**
**तहसीलपारा, भानुप्रतापपुर**
**जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

# अधिवक्ता महिलाओं ने हर्षोल्लास से मनाया तीज, हरियाली व सावन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के कोर्ट परिसर में शनिवार को जिला अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती हेलिना गिरीधरन की ओर से अधिवक्ता महिलाओं ने तीज, हरियाली एवं सावन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न स्पर्धाओं का किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं की प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया, सावन के गीतों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया।




मान. श्री आलोक ठाकुर जी
को भाजपा किसान मोर्चा के
प्रदेशाध्यक्ष
बनने के उपरांत प्रथम कांकेर आगमन पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मान. श्री आलोक ठाकुर
दिलीप जायसवाल
ब्रजेश चौहान
राजीव लोचन सिंह
तारा ठाकुर
निर्मला नेताम
गौतम उइके
अनूप सिंह राठौर
हीरा मरकाम
देवेंद्र भाऊ
महेंद ठाकुर
मोनिका शाहा
सुषमा गंजीर
राजा देवनानी
निपेंद्र पटेल
राजा पांडेय
उमा शर्मा
विजय मंडावी
ईश्वर कावड़े
मोतीराम नाग
संजय सिन्हा
अब्दुल खलील
टिकेन्द्र ठाकुर
दीपक खटवानी
नीलू तिवारी
दिनेश रजक
टेकेश्वर सिन्हा
डाकेश साहू
पीयूष कश्यप
डिगेश खापर्डे
बिदे सिंह कल्लो
महेश उइके
मनोहर यादव
लच्छूराम गावड़े
अजय छाजेड़
दीपांकर राय
सुनीता मंडल
ओमप्रकाश साहू
हेम मंडावी
संतोष भास्कर
कमलेश उसेंडी
उत्तम यादव
विनीत : एक शुभचिंतक